**New Syllabus**

# HINDI

( Group – A )

( 2023 )

Time : 3 Hours 15 Minutes ] [ Full Marks : 80

| परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : | Instructions to the Candidates : |
|---|---|
| 1. संक्षिप्त तथा बिंदुवार (सटीक) उत्तर के लिए विशेष अंक दिया जायेगा। | 1. Special credit will be given for answers which are brief and to the point. |
| 2. वर्तनी अशुद्धि, अव्यवस्थित तथा खराब लिखावट के मामले में अंक काटा जायेगा। | 2. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting. |
| 3. उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं। | 3. Figures in the margin indicate full marks for the questions. |

( बहु विकल्पीय प्रश्न )

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए : $1 \times 20 = 20$

खण्ड – क

i) "बरामदे में कुर्सी लगाकर राह जोहने लगा" — कौन राह जोह रहा है ?

(क) विद्यानिवास मिश्र (ख) मुंशी प्रेमचंद

(ग) हरिशंकर परसाई (घ) अज्ञेय ।

ii) "अंधेरे के मील के पत्थर हैं" — यह कथन किसका है ?

(क) ई० बातून (ख) पे० नेता

(ग) कवि (घ) मिस कटरा ।

iii) लेखिका किस स्टेशन पर मिल्क केक खरीदने के लिए उतरती है ?

(क) जयपुर (ख) दिल्ली

(ग) अलवर (घ) जोधपुर ।

iv) लेखक के मृत शरीर को जलाने के कितने दिनों बाद संसद में प्रश्नोत्तर हुए ?

(क) तीन दिन बाद (ख) सात दिन बाद

(ग) बारह दिन बाद (घ) दस दिन बाद ।

v) "यह हाल है हमारे देश की युवा पीढ़ी का" — यह कथन किसका है ?

(क) लेखिका का (ख) डाक्टर का

(ग) डाक्टर की पत्नी का (घ) लड़की का ।

vi) "एक कील की वजह से राज्य खो जाता है ।" — यह किस पाठ से है ?

(क) महाजनी सभ्यता (ख) मैं नर्क से बोल रहा हूँ

(ग) बिगड़ैल बच्चे (घ) बहता पानी निर्मला ।

vii) 'नई सभ्यता' का क्या अर्थ है ?

(क) महाजनी सभ्यता (ख) समाजवादी सभ्यता

(ग) पूँजीवादी सभ्यता (घ) राजतांत्रिक सभ्यता ।

viii) अहोम राजाओं की पुरानी राजधानी कहाँ थी ?

(क) शिवसागर (ख) सोनारी

(ग) डिब्रूगढ़ (घ) अमरकंटक ।

ix) 'महाजनी सभ्यता' पाठ के रचनाकार कौन हैं ?

(क) मनीषा कुलश्रेष्ठ (ख) प्रेमचंद

(ग) हरिशंकर परसाई (घ) अज्ञेय ।

## खण्ड – ख

x) "लघु जीवन लेकर आए हैं" – 'लघु जीवन' से क्या तात्पर्य है ?

(क) मानव जीवन (ख) कलियाँ

(ग) बादल (घ) फूलों का जीवन ।

xi) पक्षी के रूप में रसखान किस नदी के किनारे बसेरा करना चाहते हैं ?

(क) गंगा (ख) यमुना

(ग) सरस्वती (घ) गोमती ।

xii) "छोड़कर जीवन के अतिवाद, मध्य पथ से लो सुगति सुधार" – यह पंक्ति किस कविता से है ?

(क) जो बीत गई सो बात गई (ख) अकाल और उसके बाद

(ग) अरी वरुणा की शांत कछार (घ) रसखान के सवैये ।

xiii) "मैं नहिं माखन खायो" – वक्ता कौन है ?

(क) बलराम (ख) कृष्ण

(ग) यशोदा (घ) राधा ।

xiv) "भोर तें सांझ लौं कानन ओर निहारति" – पंक्ति किस भाषा में रचित है ?

(क) अवधी भाषा (ख) मैथिली भाषा

(ग) ब्रज भाषा (घ) इनमें से कोई नहीं ।

xv) 'अकाल और उसके बाद' के कवि का नाम क्या है ?

(क) रसखान (ख) भवानीप्रसाद मिश्र

(ग) विद्यानिवास मिश्र (घ) नागार्जुन ।

## खण्ड – ग

xvi) 'पृथ्वीराज रासो' के रचयिता का नाम है

(क) जगनिक (ख) चन्दवरदाई

(ग) विद्यापति (घ) दलपति विजय ।

xvii) 'सूरसागर' और 'साहित्य लहरी' किनकी रचनाएँ हैं ?

(क) सूरदास (ख) नंददास

(ग) परमानंद दास (घ) छीतस्वामी ।

xviii) रसखान का वास्तविक नाम क्या है ?

(क) सैयद इब्राहीम (ख) इब्राहिम जुनैद

(ग) इब्राहिम सैयद (घ) इनमें से कोई नहीं ।

xix) खड़ी बोली हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ ?

(क) मागधी (ख) पहाड़ी

(ग) शौरसेनी (घ) इनमें से कोई नहीं ।

xx) 'पद्‌मावत' की भाषा कौन-सी है ?

(क) राजस्थानी भाषा (ख) अवधी भाषा

(ग) अपभ्रंश भाषा (घ) ब्रज भाषा ।

( विषयनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न )

2. क) निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए । ( प्रथम प्रश्नांश के उत्तर **एक** वाक्य तथा दूसरे प्रश्नांश के लिए **दो** वाक्यों का प्रयोग कीजिए ) ।

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

i) "यह कैसा न्याय है ?" –

वक्ता कौन है ? वक्ता कहाँ से बोल रहा है ? 1 + 1

ii) "उनका एक-एक मिनट अशर्फी है" –

किस पाठ से है ? लेखक कौन है ? 1 + 1

iii) "यह बुनियादी उसूलों के खिलाफ है ।" – वक्ता कौन है ?

यह किस रचना से है ? 1 + 1

iv) "पूरे विश्व की एक कौसल्या है ।" किस पाठ से है ? लेखक कौन है ?

1 + 1

v) "जो रमता नहीं, वह राम नहीं, टिकना तो मौत है ।" —

पाठ का नाम लिखिए । लेखक का पूरा नाम बतलाइए । 1 + 1

vi) "मुझे बहुत नागवार गुजर रहा था ।" —

किस पाठ से है ? 'मुझे' से संकेतित पात्र कौन है ? 1 + 1

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

i) "हौं माता तू पूत" – यह कथन किसका है ? 'पूत' किसे कहा गया है ? 1 + 1

ii) "अति सूधो सनेह को मारग है" – पंक्ति के रचनाकार कौन हैं ? यह किस भाषा में रचित है ? 1 + 1

iii) "धुआँ उठा आँगन के ऊपर कई दिनों के बाद" – कवि का नाम बतलाइए । यह किस कविता से है ? 1 + 1

iv) "पिता का वक्ष भरा वात्सल्य, पुत्र का शैशव सुलभ दुलार ।" – 'पिता' शब्द किसके लिए आया है ? 'पुत्र' से कौन संकेतित है ? 1 + 1

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में लिखिए : $5 \times 3 = 15$

i) "उसमें मनुष्यत्व है, तुझमें पशुत्व भी नहीं !" – ऐसा कहने के पीछे लेखक का क्या अभिप्राय है ?

ii) "आजादी की नींद" एकांकी में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।

iii) "मेरे राम का मुकुट भीग रहा है" – निबंध में व्यक्त लेखक के विचारों को स्पष्ट कीजिए ।

iv) "धन लोभ ने मानव भावों को पूर्ण रूप से अपने अधीन कर लिया है ।" – पठित पाठ के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए ।

v) "बिगड़ैल बच्चे" कहानी के माध्यम से लेखिका क्या कहना चाहती हैं ?

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( प्रत्येक उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में ) : $5 \times 2 = 10$

**खण्ड – क**

i) पठित पदों के आधार पर गोपिकाओं की विरह-वेदना का वर्णन कीजिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का ससंदर्भ अर्थ स्पष्ट कीजिए :

देव कर से पीड़ित विक्षुब्ध,
प्राणियों से कह उठा पुकार –
तोड़ सकते हो तुम भव-बन्ध,
तुम्हें है यह पूरा अधिकार ।

**खण्ड – ख**

i) "जो बीत गई सो बात गई" कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :

सेष गनेस दिनेस, सुरेसहु जाहि निरन्तर गावैं ।
जाहि अनादि अनंत अखण्ड, अछेद अभेद सुवेद बतावैं ।
नारद से सुक व्यास रटैं, पचि हारे तऊ पार न पावैं ।
ताहि अहीर की छोहरियाँ, छछिया भरि छाछ पै नाच नचावैं ।

5. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में लिखिए : $5 \times 1 = 5$

क) संत ( निर्गुण ) काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

ख) किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

तुलसीदास, विद्यापति, पद्मावत, बिहारी ।

2 × 5 = 10

6. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क) उपसर्ग पृथक कीजिए :

अभाव, प्रसिद्धि ।

ख) वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्धारित कीजिए :

कहानी, उत्सव ।

ग) वचन बदलिए :

आँख, महानगरों ।

घ) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

i) धन लोभ ने मानव भावों को अपने अधीन कर लिया है । ( प्रश्नवाचक वाक्य में )

ii) रह-रहकर बिजली चमक जाती थी और सड़क दिख जाती थी । ( सरल वाक्य में )

ङ) शुद्ध करके लिखिए :

i) यह आपकी अपमान नहीं है ।

ii) भूख से मर गया पर चोरी नहीं किया ।

च) प्रत्यय पृथक कीजिए :

ईश्वरीय, मनुष्यता ।

10 × 1 = 10

7. किसी **एक** विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखिए :

क) आजादी का अमृत महोत्सव

ख) विद्यार्थियों के कर्त्तव्य

ग) मेरा प्रिय साहित्यकार

घ) फीफा फुटबाल विश्वकप (कतर) - 2022 के फाइनल मैच का आँखों देखा वर्णन ।